# आर.ए.एस./आर.टी.एस. (मुख्य) परीक्षा-2018
# (सामान्य अध्ययन एवं सामान्य ज्ञान)

## तृतीय प्रश्नपत्र

## मॉडल पेपर-2

**समय : 3 घंटे** **कुल अंक : 200**

**कुल प्रश्न : 48**

## (यूनिट-I) (75 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल का गठन किस प्रकार होता है?
2. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर से आप क्या समझते हैं?
3. 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' की नीति क्या है?
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रमुख प्रावधान बताइये।
5. वर्तमान समय में राजस्थान में कुल कितनी पंचायत समितियाँ हैं? किन्हीं पाँच समितियों के नाम लिखिये।

**भाग-ब** **अंक : 25**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. "भारत एवं आसियान देशों के मध्य सहयोग महत्त्वपूर्ण है।" विश्लेषण कीजिये।
7. राष्ट्रपति की न्यायिक शक्तियों पर टिप्पणी लिखिये।
8. चीन का शक्तिशाली उभार भारत के लिये चिंता का विषय क्यों है? स्पष्ट कीजिये।
9. संविधान की उद्देशिका संविधान के अर्थ-निर्धारण की कुंजी के रूप में कार्य करती है, इस कथन को स्पष्ट कीजिये।
10. राजस्थान के एकीकरण का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

**भाग-स** **अंक : 40**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. भारत-अमेरिका के बीच हुए कॉमकासा और लिमोआ समझौते का आशय स्पष्ट कीजिये। साथ ही इन समझौतों से भारत को मिलने वाले लाभों पर टिप्पणी कीजिये।
12. राजस्थान में पंचायती राजव्यवस्था में 2016 में जोड़े गए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता के संदर्भ में अपनी राय दीजिये।
13. 'जन भागीदारी लोकतांत्रिक शासन की यथार्थता का मूल तत्त्व है'। समझाइये।
14. आचार संहिता क्या है? इसकी विशेषताओं को बताते हुए इसके लिये अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों का उल्लेख कीजिये।

## (यूनिट-II) (65 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. लूथर गुलिक के चार पी (4 Ps) क्या हैं?
2. प्राक्कलन समिति के प्रमुख कार्यों को स्पष्ट कीजिये।
3. राष्ट्रीय आपातकाल के समय राजस्थान के राज्यपाल की क्या भूमिका होती है?
4. संसद में पूछे जाने वाले प्रश्नों के विषय में संक्षेप में बताइये।
5. उत्प्रेषण लेख को परिभाषित कीजिये।

**भाग-ब** **अंक : 25**

**नोट: सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. पटवारी के राजस्व संबंधी कार्यों पर टिप्पणी लिखिये।
7. विकास संबंधी कार्यों में ज़िला कलेक्टर की क्या भूमिका होती है? स्पष्ट कीजिये।
8. सत्ता का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।
9. प्रशासन में सामान्यज्ञ प्रशासक की भूमिका के पक्ष में अपने तर्क दीजिये।
10. ग्रेकुनाज के अनुसार 'नियंत्रण का क्षेत्र' की अवधारणा क्या थी?

**भाग-स** **अंक : 30**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।**

11. विकास प्रशासन से आप क्या समझते हैं? इसकी प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
12. लोक प्रशासन पर वित्तीय नियंत्रण का वर्णन कीजिये।
13. नव लोक प्रशासन क्या है? क्या आप मानते हैं कि यह अपने उद्देश्य की प्राप्ति में सफल रहा? स्पष्ट कीजिये।

## (यूनिट-III) (सेक्शन-A) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. मांकडिंग से आप क्या समझते हैं?
2. स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल 2019 का आयोजन कहाँ किया गया तथा इसमें भारत ने कितने पदक जीते?
3. अष्टांग योग क्या है? इसके अंगों के नाम लिखिये।
4. राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन का संक्षिप्त परिचय दीजिये।
5. प्राणायाम क्या है? यह कितने प्रकार का होता है?

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. राजस्थान राज्य खेल नीति, 2013 के प्रमुख उद्देश्य बताइये।
7. 18वें एशियाई खेलों का वर्णन कीजिये।

## (यूनिट-III) (सेक्शन-B) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. 'जेड' सिद्धांत क्या है? इस सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया?
2. अधिगम की प्रमुख विशेषताएँ बताइये।
3. प्रतिबल का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
4. भारतीय दृष्टिकोण से व्यक्तित्व के वर्गीकरण को समझाइये।
5. आह्लादजनित तनाव या यूस्ट्रेस से आप क्या समझते हैं?

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. सामाजिक बुद्धि एवं भावनात्मक बुद्धि के मध्य संबंध स्पष्ट कीजिये।
7. हॉवर्ड गार्डनर के बहुबुद्धि सिद्धांत की विवेचना कीजिये।

## (यूनिट-III) (सेक्शन-C) (20 अंक)

**भाग-अ** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

1. कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने से संबंधित विशाखा दिशा-निर्देशों से संबंधित कोई एक विशेषता लिखिये।
2. ग्राम सेवा अनुदान से आप क्या समझते हैं?
3. भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार किस मंत्रालय/विभाग के अंतर्गत आता है?
4. राज्य सूचना आयोग के गठन की प्रक्रिया को संक्षेप में बताइये।
5. आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2018 के मुख्य बिंदुओं को स्पष्ट कीजिये।

**भाग-ब** **अंक : 10**

**नोटः सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों का उत्तर 50-50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

6. साइबर अपील अधिकरण की संरचना पर टिप्पणी कीजिये।
7. लैंगिक अपराधों से सुरक्षा संबंधी कानूनों की समीक्षा कीजिये।